कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डलद्वितीय
उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
पनकी–कानपुर

GSTIN : 09AAACU8823E1Z9
Email. ID : seetc2knp@gmail.com / मो0 नं0 7571849040

पत्रांक– 12072 / वि0प्रे0मं0द्वि0प0 (का0) / टी0–1 **दिनांक – 10/03/2022**

विषयः– निविदा प्रकाशन हेतु ।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
1– स्वतंत्र चेतना, कानपुर ।
2– द इण्डियन एक्सप्रेस लखनऊ ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में दिनांक शीघ्रतम अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप मे) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें । हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें ।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था करें ।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुये भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, द्वितीय उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर को प्रषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नही होगा ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, द्वितीय उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर द्वारा सम्बन्धित बिलों को पारित करने के पश्चात पारित बिलों को भुगतान सम्बन्धित खण्ड के द्वारा मुख्यालय से धन प्राप्ति के पश्चात् किया जायेगा।
4. संलग्न हिन्दी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जायेगा
5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा ।
6. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें । अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।
7. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप में "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें ।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भददे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्न :– विज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति ।

भवदीय

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत प्रेषण मण्डल द्वितीय
उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0
पनकी

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अभियन्ता (पा0द0म0), उ0 प्र0 पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लि0, झॉंसी ।
2. कोषा लिपिक सम्बन्धित खण्ड कार्यालय / सम्बधित निविदा पत्रावली / कट फाइल / नोटिस बोर्ड।

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

पत्रांक– 1272 /वि0प्रे0मं0द्वि0प0 (का0)/टी0–1 दिनांक–10-03-2022

उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित ई–निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई–निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है:–

ई–निविदा संख्या– T–104/ETC-II(K)/2021–22, उ०प्र० मेट्रो रेल कारपोरेशन लि०, कानपुर हेतु विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कानपुर के अन्तर्गत 220के०वी० द्वि–परिपथ पनकी–फतेहपुर पारेषण लाइन के उच्चीकरण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 5310/–(रू0 पाँच हजार तीन सौ दस मात्र)। धरोहर राशि रू0 65000/–(रू0 पैंसठ हजार मात्र)।

ई–निविदा संख्या– T–105/ETC-II(K)/2021–22, उ०प्र० मेट्रो रेल कारपोरेशन लि०, कानपुर हेतु विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कानपुर के अन्तर्गत 132के०वी० एकल परिपथ नौबस्ता–घाटमपुर पारेषण लाइन के उच्चीकरण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 4012/–(रू0 चार हजार बारह मात्र)। धरोहर राशि रू0 50000/–(रू0 पचास हजार मात्र)।

ई–निविदा संख्या– T–106/ETC-II(K)/2021–22, उ०प्र० मेट्रो रेल कारपोरेशन लि०, कानपुर हेतु विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कानपुर के अन्तर्गत 132के०वी० द्वि–परिपथ नौबस्ता–मेहरबान सिंह का पुरवा एवं नौबस्ता–दादानगर पारेषण लाइन के उच्चीकरण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 4838/–(रू0 चार हजार आठ सौ अड़तीस मात्र)। धरोहर राशि रू0 61000/–(रू0 इकसठ हजार मात्र)।

उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध हैं सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती हैं ।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, पनकी, कानपुर

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय
उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0
पनकी कानपुर

" राष्ट्र हित में बिजली बचायें "

Published on dated 11.03.2022